मां आएगी जरूर

स्वागत है स्वागत है आओ मां तेरा स्वागत है,
जागरण में मां से मुलाकात होएगी, दिल वाली बातें सारी रात होएगी,
ज्योत जगाके उसका नाम तो बुला, मां आएगी जरूर,
हक है तेरा मां को हक से बुला,
मां आएगी जरूर.....

मां रहती बच्चों से कभी भी ना दूर है,
हर एक जगह फूलों वाली मां का नूर है,
ध्यानु के जैसे कभी मां को बुला,
मां आएगी जरूर.....

जिसने बुलाया वह तो दौड़ी चली आई है,
हर पल बच्चों की मां बनी मां सहाई है,
अपने तू सोए हुए भाग जगा,
मां आएगी जरूर......

रखा है भरोसा यह भरोसा कभी टूटे ना,
आश और मुराद वाली डोर कभी टूटे ना,
चंचल के जैसे मां को दिल में बसा,
मां आएगी जरूर.....

सांसो के मन के से मां को बुलाए जा,
लकी चंचल सारी रात भेंट मां की गाए जा,
मौका मिला इसे ऐसे ना गवा,
मां आएगी जरूर....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28684/title/maa-ayegi-jarur

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |